केवल आप के लिये

गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम

सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com

मो0 9450567450] 9336715406



# दैनिक भारतीय बस्ती



भारतीय बस्ती

www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क

मो0 9450567450
9336715406



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 287 शनिवार 11 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### भावेष स्वच्छ भारत मिशन के एम्बेसडर नियुक्त



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । नगर पालिका परिषद बस्ती द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जन जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया। नगर पालिका परिषद ने वर्ष 2024 के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ के संस्थापक अध्यक्ष भावेष पाण्डेय को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। भावेष पाण्डेय पेशे से अधिवक्ता हैं।

### प्रत्याशियों को देना होगा व्यय का लेखा जोखा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत 61–संसदीय क्षेत्र के समस्त प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारुप पर रजिस्टर में अपने दिन–प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय का लेखा–जोखा रखा जाना हैं। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया है कि इस रजिस्टर के निरीक्षण हेतु व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। 61–संसदीय क्षेत्र के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को लिखे पत्र में उन्होने बताया है कि चुनाव प्रचार अवधि के दौरान निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर का प्रथम निरीक्षण 13 मई, द्वितीय 18 मई एवं तृतीय 22 मई 2024 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में निर्धारित है।

उन्होने सभी प्रत्याशी को निर्देशित किया है कि उक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर स्वयं अथवा अपने निर्वाचन व्यय–एजेण्ट के माध्यम से निर्वाचन व्यय रजिस्टर का निरीक्षण कराया जाना अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी बताया है कि उक्त का अनुपालन न किये जाने की स्थिति में सम्बन्धित प्रत्याशी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

### हर चुनावी गतिविधि पर रहे उड़नदस्ते की नजर



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उड़नदस्ता एवं स्टेटिक टीम को अधिक सक्रियता दिखाने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने निर्देशित किया है। आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण में टीम के सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि अपने क्षेत्र के संबंध में पूरी जानकारी रखें, स्थान बदल–बदल कर सभी रास्तों पर चेकिंग करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। उन्होने निर्देश दिया कि प्रचार वाहन चेकिंग करते समय यह अवश्य देखे कि विण्डस्कीन पर अनुमति पत्र अवश्य लगा हों, झण्डा निर्धारित आकार का ही लगा हो। उन्होने कहा कि 11 से 24 मई महत्वपूर्ण अवधि है, इसमें अपनी पूरी हनक के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने बताया कि उन्होने रात में भी फील्ड में जाकर टीम के कार्यो को देखा है तथा इनसे बात किया है। उन्होने निर्देश दिया कि टीम के अधिकारी केवल निर्वाचन कार्य पर फोकस करें, अनुशासित होकर वाहन चेकिंग करें तथा किसी के साथ पक्षपात ना करें।

# तिहाड़ जेल से निकलकर बोले केजरीवाल देश को तानाशाही से बचाना है



**नई दिल्ली (आभा)।** दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 50 दिन तक तिहाड़ जेल में रहने के बाद शुक्रवार देर शाम को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अंतरिम जमानत पर बाहर आए। बाहर निकलते ही उन्होंने गाड़ी में बैठकर वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया और सीधे घर के लिए निकल गए। अरविंद केजरीवाल का स्वागत करने के लिए तिहाड़ जेल के बाहर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

तिहाड़ से निकलने के बाद केजरीवाल गाड़ी में बैठे और हाथ हिलाकर वहां मौजूद लोगों का अभिवादन करते हुए सीधे घर के लिए रवाना हो गए। हालांकि जेल से थोड़ी दूर जाने के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संक्षिप्त अपील की। उन्होंने कहा, मैं सब लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। देश भर के लोगों ने अपना आशीर्वाद और दुआएं भेजीं, इसके लिए उनका शुक्रिया। मैं सुप्रीम कोर्ट के जजों का भी शुक्रिया करना चाहता हूं, जिनकी वजह से आपके बीच खड़ा हूं।

अरविंद केजरीवाल ने वहां मौजूद लोगों से निवेदन किया कि सभी लोग मिलकर तानाशाही के खिलाफ लड़ें। कहा कि मैं तन, मन, धन से देश को तानाशाही से बचाने के लिए लड रहा हूं। लेकिन यह लडाई मेरे अकले की नहीं है। इस लड़ाई में देश के 140 करोड़ लोगों का साथ चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कल 11 बजे सभी लोग कनाट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां हम लोग अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। फिर उन्होंने कहा कि कल 1 बजे पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आगे की रणनीति भी बनाई जाएगी।

## यौन शोषण मामले में बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय



नई दिल्ली (आभा)। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवान यौन शोषण मामले में आरोप तय करने के आदेश दिए हैं. कोर्ट ने कहा कि 6 में से 5 मामलों में बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मिली है.कोर्ट ने बृजभूषण के खिलाफ धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल), 354–डी. (पीछा करना) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया. जबकि उन्हें छठे मामले में बरी कर दिया गया है।

ब्रजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीडन मामले में तय आरोपों पर 21 मई को बहस होगी. इन आरोपों में यौन उत्पीड़न का आरोप गैरजमानती है, इसमें पांच साल की सजा है। कोर्ट ने बृजभूषण के सेक्रेटरी विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने कहा कि बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के पर्याप्त सबूत हैं।

## रमेश बहादुर सिंह समर्थको के साथ भाजपा में शामिल



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शुक्रवार को गौर विकास खण्ड के बेलघाट में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की उपस्थिति में बनकटी विकास खण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश बहादुर सिंह, अमित बहादुर सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। नेताद्वय ने कहा कि भाजपा के जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर उन्होने भाजपा में आने का निर्णय लिया है। रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनाने के लिये वे पूरी ताकत झोंक देंगे।

## कॉमेडियन श्याम रंगीला को भी नहीं मिला फार्म, चुनाव आयोग से गुहार

**वाराणसी (आभा)।** वाराणसी में पीएम मोदी के उतरने के कारण चुनाव लड़ने के लिए देश भर से लोगों की होड़ मची हुई है। इसका नतीजा रहा कि लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी नामांकन पत्र लेने के लिए कलक्ट्रेट पर कतार दिखाई दी। मशहूर कॉमेडियन श्याम रंगीला को भी फार्म नहीं मिल सका। उसने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। वाराणसी जिला प्रशासन को इस बाबत दिशा निर्देश देने की गुहार लगाई है। वाराणसी में 14 मई नामांकन की आखिरी तारीख है। हालांकि 11 और 12 मई को अवकाश के कारण नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी। ऐसे में अब केवल दो ही दिन बचे हैं।

## भाजपा 10 वर्षो का लेखा जोखा लेकर जनता के बीच में है–चौधरी भूपेन्द्र



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आ रही है भारतीय जनता पार्टी ताबड़तोड़ सम्मेलन कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को बेलघाट के पटवा इण्टर कालेज में अन्नदाता किसान सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने जमकर विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा 10 साल पहले की सरकार दंगाई को संरक्षण देती थी, लेकिन आज प्रदेश में दंगाई दिखाई नही दे रहे है। हम सभी मतदान के दहलीज पर खड़े है। 10 वर्षो का लेखा जोखा साथ लेकर जनता के बीच मे है, वही नकारात्मक सोच वाले लोगो के हाथ खाली है। पहले बिजली केवल वीआईपी क्षेत्रो में जाती थी पर अब पारदर्शी व्यवस्था से पूरे प्रदेश को लगातार विधुत आपूर्ति हो रही है। अब पम्पिंगसेट में जंग लग रहे है क्योकि किसानों को बिजली से निःशुल्क सिचाई हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू से विकसित की तरफ बढ़ रही है।

सांसद हरीश द्विवेदी ने कहां जनता परिवारवाद और जातिवाद से ऊब चुकी है। लोगो ने मोदी जी के 10 वर्षो का कार्यकाल देखा है। मूलभूत सुविधाओं से गांव का गरीब किसान दलित पिछ्ड़ा वंचित नही रहता। मोदी जी ने जो कहा उसे गारन्टी के साथ किया।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी का आभार ज्ञापित करते हुए कहा हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि अधिक से अधिक मतदान कराया जाए।

प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी, रामानन्द नन्हे, सीपी शुक्ल, दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, समीर सिंह, सेतभान राय, केडी चौधरी, उमाशंकर पटवा, ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप पाण्डेय ने किया।

इस मौके पर यशकांत सिंह, महेश शुक्ल, सुशील सिंह, राणा नागेश सिंह, जटा शंकर शुक्ल, वरुण पाण्डेय, सिंकू सिंह, विजय गुप्ता, दीपक सोनी, गौरव मणि त्रिपाठी, राजेन्द्र राजभर, मनोज पाठक, मनोज सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं रालोद के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल के साथ ही अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अक्षय तृतीया के दिन एमएलसी सुभाष यदुवंशी ने किया अतुल आटो प्रतिष्ठान का उद्घाटन




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शुक्रवार अक्षय तृतीया को विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंशी ने वैदिक मंत्रों के बीच विधि विधान से पचपेड़िया पटेल चौराहे के निकट स्थित अतुल आटो थ्री व्हीलर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। कहा कि इससे विकास को गति मिलेगी और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होंगे।

एम.जी.आर.गुप के चेयरमैन घनश्याम शुक्ल, मैनेजिंग डायरेक्टर शुभम शुक्ल, कार्यकारी निदेशक ई. शगुन कुमार शुक्ल ने उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को बताया कि ट्रैक्टर के साथ ही अतुल थ्री व्हीलर के डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन डिलेवरी वैन, सवारी वैन उपलब्ध है। अतुल आटो के सभी माडल उपलब्ध है। कम्पनी की ओर से फाइनेन्स की भी सुविधा उपलब्ध है। 15 प्रतिशत देकर गाडी को खरीदा जा सकता है।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से अतुल आटो के मनोज जोशी, मानस त्रिपाठी, एच.पी. सिंह ने वाहनों के बारे में तकनीकी जानकारी दिया। मुख्य रूप से राजकुमार शुक्ल, विनोद शुक्ल, आदित्य यादव, चिकन सिंह के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने मारा पीटा एसपी से लगाया न्याय की गुहार



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लालगंज थाना क्षेत्र के पाकरड़ाड निवासिनी कमलादेवी पत्नी राम मिलन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में कमलादेवी ने कहा है कि उसकी जमीन पर गांव के ही दबंग राम प्रकट पुत्र झिनकान ने जबरिया टीनशेड रखवा लिया है। इसका विरोध करने पर गत 5 मई को दिन में लगभग 3 बजे राम प्रकट पुत्र झिनकान, पूजा पत्नी सन्तोष, आशा देवी, पत्नी राम प्रकट, प्रीती पत्नी लवकुश, दिलीप पुत्र राम रेखा आदि उसके घर पर चढ आये और भद्दी–भद्दी गालियां देते हुये कमलादेवी को बुरी तरह से मारा पीटा।

पत्र में कमलादेवी ने कहा कि बचाने आयी उसकी पतोहू नीतू , मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के कसैला यादव पुत्र प्रदीप यादव, को भी मुल्जिमानों ने लाठी–डण्डा, हसिया आदि ने मारपीट कर घायल कर दिया। प्रदीप यादव को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना लालगंज थाने को दिया गया था किन्तु पुलिस ने न्याय दिलाने की जगह उल्टे भादवि की धारा 323, 504, 506, 336 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया। लालगंज पुलिस ने घायलों की चोटों का मुआयना भी नहीं कराया। कमलादेवी ने एसपी से मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उसके परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

## शत प्रतिशत मतदान के लिये दिव्यांगों ने निकाली रैली



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोक सभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विवेकानंद लोक विकास संस्था द्वारा सल्टौआ गोपालपुर विकास खंड के के भिरिया बाजार मे दिब्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी । रैली का शुभारम्भ ग्राम पंचायत पिटाउट के ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार चौधरी व संस्थान के सचिव राधेश्याम चौधरी ने किया । इस मौके पर उपस्थित लोगो को शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया । विवेकानंद लोक विकास संस्थान के अध्यक्ष एवं दिब्यांग मतदाता के जिला स्वीप आइकान बालकेश चौधरी ने कहा की सुबह सबसे पहले मतदान करने के बाद ही जलपान करें । दिब्यांग मतदाता जागरूकता रैली भिरिया बाजार से सेखुई तिराहे तक निकाली गयी । रैली में 'आओ मिलकर अलख जगायें, शत प्रतिशत मतदान कराएं' युवा, महिला, बूढ़े हों या दिब्यांग, सब मिलकर करें मतदान, के नारे लगाते हुए सेखुई तिराहे तक रैली निकाली गयी ।

इस अवसर पर डॉक्टर अकबाल अहमद, राजू गुप्ता, ग्राम प्रधान धुवचंद मौर्य व रिंकू पाण्डेय, फूल चंद्र, अज्ञाराम, सुरेंद्र कुमार, हनुमान प्रसाद, बलराम, राम प्रसाद चौधरी , राजितराम, बाहदुर चौधरी,सुभाष चंद्र, सत्यप्रकाश, बालकेश चौधरी, दिनेश कुमार, जीतराम चौरसिया, जोगेंद्र कुमार, परमात्मा, जाहिरूँनिशा, मो इदरीश, हृदयराम, राम रूप चौहान, रामभवन यादव, जलील खान, अभयानन्द मौर्य, उमेश कुमार सहित अन्य लोगो ने हिस्सा लिया।

## प्रत्याशियों को प्रकाशित कराना होगा आपराधिक विवरण




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। उक्त निर्देश जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी प्रत्याशियो को दिया है। उन्होने कहा कि नामांकन के दिन से प्रतिदिन लेखा, कैशबुक, बैंकबुक का नियमित रख–रखाव करना होगा। नामांकन से पूर्व सभी पोस्टर, बैनर, पम्पलेट प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय का हिस्सा बनेंगे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता, पुलिस प्रेक्षक रमेश चन्द्र छाजटा, व्यय प्रेक्षक आर.एल. अरूण प्रसाद उपस्थित रहें।

उन्होने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपना आपराधिक विवरण मतदान के पूर्व तीन बार बहुप्रसारित समाचार पत्र में प्रकाशित कराना अनिवार्य है, जिसकी एक प्रति आर.ओ. कार्यालय मे जमा करना होगा। उन्होने कहा कि 13 मई से पूर्व इसे एक बार अवश्य प्रकाशित करा दें।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि 10 हजार रूपये से अधिक के सभी भुगतान नकद नही होनी चाहिए, बल्कि चेक या ड्राफ्ट से या बैंक ट्रांसफर द्वारा किया जायेंगा। निर्वाचन का सभी लेन–देन नामांकन में दिये गये बैंक खाते से ही किया जायेंगा। प्राप्त सेवाओं एवं वस्तुओं का विवरण लेखा रजिस्टर में दर्ज किया जायेंगा। लेखा रजिस्टर में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित रेट ही जोड़ा जायेंगा। निरीक्षण के दौरान पायी गयी विसंगति के संबंध में दी गयी नोटिस का 48 घण्टे में जवाब देना होंगा।

उन्होने कहा कि पेडन्यूज के बारे में विशेष सतर्कता बरते क्योकि इसे प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जायेंगा। उन्होने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशी के द्वारा स्थापित बूथों पर टेण्ट, कुर्सी तथा वहॉ तैनात कामगार/एजेण्ट को दी जाने वाली पारितोषिक जलपान एवं भोजन पर व्यय भी लेखे में शामिल किया जायेंगा। परिणाम घोषणा के 26वें दिन लेखा समाधान बैठक में प्रतिभाग करें एवं यदि कोई विसंगति हो, तो ठीक कर लें। उन्होने बताया कि यदि लेखा समय से और समुचित ढंग से दाखिल नही किया जाता है, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10ए के अधीन निर्हता हेतु नोटिस जारी किया जायेंगा।

उन्होने कहा कि प्रचार हेतु प्रत्येक वाहन की अनुमति लेना अनिवार्य है और अनुमति पत्र वाहन के विण्डस्क्रीन पर लगाया जायेंगा। यदि वाहन उपयोग नही किया जा रहा है, तो अनुमति निरस्त कराने के लिए दो दिन के भीतर आवेदन देना होगा। सभी प्रकार के रैली, जनसभा, सार्वजनिक बैठक के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि अनुमति के लिए 24 घण्टे के पूर्व आवेदन पत्र देना होंगा।

सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेंगी। व्यय प्रेक्षक आर.एल.अरूण प्रसाद ने कहा कि चुनाव संबंधी सभी खर्चे नये खाते से ही किये जायेंगे। व्यय रजिस्टर पर प्रत्याशी का हस्ताक्षर अनिवार्य है। पुलिस प्रेक्षक रमेश चन्द्र छाजटा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति शस्त्र लेकर नही चलेंगा। नानबेलेबुल वारन्ट जारी व्यक्ति न्यायालय में हाजिर हो जाय, प्रचार करता हुआ पाया जायेंगा तो कार्यवाही की जायेंगी।

मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने सभी प्रत्याशियों से कहा कि वे अपना व्यय एजेण्ट नामित कर दें। बैठक में उन्होने व्यय अनुवीक्षण से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, सभी उप जिलाधिकारी तथा एकाउण्टिंग टीम के संदस्य उपस्थित रहें।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर यज्ञ हवन, संगोष्ठी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परिसर मालवीय मार्ग पर अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर यज्ञ हवन और संगोष्ठी करके मनाया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. अशोक शुक्ल ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जन्म मानवता के कल्याण, धर्म की स्थापना तथा सामाजिक एकता के लिए हुआ था, ने भगवान परशुराम विश्व को एक नई दिशा देने का कार्य किया ।

राष्ट्रीय महामंत्री पं शम्भू नाथ मिश्र ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो गया अब बस्ती में परशुराम जी का मंदिर भी बन कर तैयार हैं दोनों ही विभूतियां भगवान विष्णु के अवतार हैं यह हमारा सौभाग्य है हम सभी ने इस भूमि पर जन्म लिया जहां ऋषि वशिष्ठ का आश्रम था। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री विजय बिहारी तिवारी ने कहा कि बस्ती में भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण से ब्राह्मण समाज का उत्थान होगा।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा0 वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जन्म 5142 वर्ष पूर्व सतयुग और त्रेता युग के संधिकाल में वैशाख शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया को ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म विश्व कल्याण के लिए हुआ था।

पंराम अजोर शुक्ल के नेतृत्व में देवस्य मिश्र, दुष्यंत शुक्ल, शिव कुमार उर्फ आलू बाबा के द्वारा पूजन अर्चन हवन का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री प0 शम्भू नाथ मिश्र रहे,तत्पश्चात वृहद प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशान्त पाण्डेय ,जिलाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, संजय शुक्ला, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय,शत्रुघ्न मिश्र,प0 देवी प्रसाद पाण्डेय, आलोक मिश्रा, श्रीकेश पाण्डेय, रत्नेश पाण्डेय, दुर्गेश कुमार मिश्र, ब्रह्मा सेवक पाण्डेय,डा0 आशीष नारायण त्रिपाठी, हेमन्त मिश्र,राम किशोर पाण्डेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पाण्डेय 'ज्ञानू पाण्डेय',भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद पाण्डेय , अमरेन्द्र पाण्डेय शिब्लू, राम किशोर पाण्डेय, अविनाश शुक्ल, इन्द्रजीत पाण्डेय, विश्वनाथ पाण्डेय,एम पी दूबे, परमहंस उपाध्याय ,संत प्रकाश त्रिपाठी, विवेक पाण्डेय,अनित शुक्ल, विवेक पांडेय लालन, मोहित शुक्ल, चन्द्रेश पाण्डेय, दुष्यन्त शुक्ला,अनिल कुमार पाण्डेय, वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी, दयाशंकर मिश्र,अनुराग शुक्ल, सन्तोष तिवारी, मुन्ना बाबा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 11 मई 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

### राजनीतिक विमर्श नकारात्मक क्यों

हम कहते नहीं थकते कि देश का विकास कुलांचे भर रहा है। हम दुनिया की सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था हैं। अभी पांचवें स्थान पर हैं व जल्दी ही तीसरे स्थान पर होंगे। ये ज्ञान की सदी है। 21वीं सदी भारतीय युवाओं की है। हम चांद पर पहुंचे। हमने मंगल के दरवाजे पर दस्तक दी। हमारी ओलंपिक में उपलब्धियां रहीं। पैरा ओलंपिक में हमारे मेडलों का सैकड़ा पहली बार आया। अकसर ये हमारे मीडिया की सुर्खियां हुआ करती थीं। लेकिन सवाल है कि आम चुनाव के तीसरे चरण तक आते–आते देश का राजनीतिक विमर्श इतना नकारात्मक क्यों हो गया? आखिर क्यों हम देश की जनता को सकारात्मक मुद्दों पर चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित नहीं कर सकते? अब सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, मुद्दों में नकारात्मकता व आक्रामकता क्यों है? क्यों राजनीतिक दलों के नेता आमने–सामने बैठकर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व भविष्य के एजेंडे को लेकर जनता से रूबरू नहीं होते? अमेरिका व अन्य विकसित देशों में शीर्ष राजनेताओं द्वारा लंबी बहसों से जनता को समझाने का प्रयास किया जाता रहा है। आखिर अमृतकाल के दौर में पहुंचकर भी देश में मतदाता इतना जागरूक क्यों नहीं हो पाया है कि उसे क्षेत्रवाद, धर्म–संप्रदाय, जातिवाद और अन्य संकीर्णताएं न लुभा सकें? क्यों चुनाव आयोग की मुहिम में बरामद रिकॉर्ड मूल्य की वस्तुओं में आधा मूल्य नशीले पदार्थों का होता है? क्यों छोटे–छोटे प्रलोभनों के जरिये मतदाता बहकते हैं? कहीं न कहीं हमारे नेताओं ने देश के जनमानस को पूरी तरह लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने के बजाय संकीर्णता के शार्टकट से अपना उल्लू सीधा करना चाहा है। निस्संदेह, देश में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया के जरिये समाज में जागरूकता आई है। लोग सार्वजनिक विमर्श में अखबार व अन्य मीडिया की भाषा बोलते नजर आते हैं। तो फिर वे मतदान करते समय क्यों बहक जाते हैं? आखिर क्यों कहा जाता है कि फलां जगह पचास प्रतिशत या साठ प्रतिशत मतदान हुआ है? आखिर पचास प्रतिशत या चालीस प्रतिशत वोट न देने वाले लोग कौन हैं?

यहां एक तथ्य यह भी है कि यदि आम चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग धर्म, सांप्रदायिकता, क्षेत्र, जाति व अन्य संकीर्णताओं का सहारा ले रहे हैं तो कहीं न कहीं एक वजह यह भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी लोग इन मुद्दों की तरफ आकर्षित होते हैं? कई जगह सत्ता पक्ष के खिलाफ चुनावों में नाराजगी दिखायी देती है तो जनता फिर दूसरे राजनैतिक दल को सत्ता सौंप देती है। यह उसके पास विकल्प न होने की स्थिति होती है, लेकिन फिर दूसरा दल भी उन्हीं संकीर्णताओं को अपना एजेंडा बनाकर चुनाव मैदान में आ जाता है। सवाल यह है कि किसी दल ने अपने कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की हैं क्यों नहीं उन्हें चुनावी मुद्दा बनाया जाता है? क्या दल विशेष को अपनी बखान की गई उपलब्धियों की जमीनी हकीकत का अहसास होता है? भारत एक विविधता की संस्कृतियों का देश है। हर क्षेत्र की अपनी विशेषता और जरूरतें हैं। उत्तर भारत के राजनीतिक रुझान और दक्षिण भारत के राजनीतिक रुझान में हमेशा अंतर देखा गया है। जिसका लाभ एक क्षेत्र में पिछड़ने वाला राजनीतिक दल दूसरे क्षेत्र में उठाता है। हाल के दशकों में ऐसे कद्दावर नेता कम ही हुए हैं जिनकी राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता रही हो। लेकिन देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिये जरूरी है कि सत्ता की रीतियां–नीतियां पूरे देश के मनोभावों के अनुकूल हों। राजनेताओं की कार्यशैली और घोषणाएं संकीर्णताओं से मुक्त हों। यदि देश में नकारात्मक मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़े जाते हैं तो पूरी दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जाएगा। जिसका असर हमारी अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता पर भी पड़ेगा। यदि राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मकता का प्रवाह नहीं होता तो हम कैसे दावा कर सकते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। बड़े लोकतंत्र का बड़प्पन हमारे राजनेताओं में भी नजर आना चाहिए और मतदाताओं में भी। यदि हम संकीर्णताओं के पक्ष में मतदान कर रहे होते हैं तो कहीं न कहीं हम कमजोर व अयोग्य लोगों को ऊंची कुर्सी पर बैठाकर लोकतंत्र का अवमूल्यन कर रहे होते हैं।

# कैसे ध्वस्त हों चीन के नापाक मंसूबे



-ले. जनरल प्रदीप बाली-
(अ.प्रा.)




इतिहास को मनमाफिक गढ़ना और भौगोलिक हकीकतों से छेड़छाड़ चीन की प्रवृत्ति रही है। यह उसकी आधिपत्यवादी प्रवृत्ति और मंसूबों को सुहाता है। इसके लिए, उसे वास्तविकता से परे के तथ्यों को गढ़ने की जरूरत पड़ती है। चीन अक्सर भारतीय भूमि के कई हिस्सों पर अपना दावा ठोकता आया है, पिछले कई सालों से अक्सर अरुणाचल प्रदेश में बस्तियों और भूभाग का नाम बदलने से उसे खुशी महसूस होती है। चीनी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2017 में गढ़े नामों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें छह जगहों का जिक्र था। फिर 15 नये नामों वाली दूसरी सूची 2021 में आई, 2023 की सूची में 11 जगहों का नाम बदला हुआ था। भौगोलिक नाम बदलने के इस खेल में चौथी और नवीनतम सूची 1 अप्रैल, 2024 को जारी की गई है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश की 30 और जगहें शामिल की गई हैं। खुद अरुणाचल प्रदेश का नाम चीनियों ने 'जगनान' रखा हुआ है। उम्मीद के मुताबिक भारत ने कड़े प्रतिरोध के साथ इस नौटंकी को खारिज किया है।

इस कृत्य के समांतर वास्तविक नियंत्रण रेखा के उत्तर में सीमांत इलाकों को विकसित करने की आड़ में चीन शियाओकांग नामक रिहायशी बस्तियां समूची सीमा रेखा के ठीक बगल में स्थापित कर रहा है। पिछले सालों में लगभग 600 ऐसे गांव बसाए जा चुके हैं और 'विकास कार्यक्रम' के तहत और 175 बस्तियां बनाने की योजना है। बिना शक यह सारी प्रक्रिया चीन के इलाकाई दावों को पुष्ट करने और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का अतिरिक्त सहायता तंत्र बनाने के मकसद से है। यहां चीन 'कानूनी रणनीति' का कपटी खेल भी खेल रहा है। भारत के साथ 'सीमा रक्षा सहयोग संधि–2005' के मुताबिक जब कभी वास्तविक सीमा नियंत्रण रेखा की निशानदेही होगी तो पूर्व–स्थापित आबादियों को नहीं छेड़ा जाएगा।

चीनी रणनीति का यह रंग–ढंग अन्य मुल्कों से सीमा विवादों में भी झलकता है। जापान प्रशासित सेन्काकु द्वीप को दियाओऊ नाम देकर, चीन उसे अपना हिस्सा बताने का दावा करता आया है। सर्वविदित है कि चीन की तथाकथित 'नौ–बिंदु सीमारेखा' समस्त दक्षिणी चीन सागर में उसके इलाकाई दावों को मजबूत बनाने का एक पैंतरा है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, खासकर 'संयुक्त राष्ट्र सागरीय कानून अधिवेशन' के प्रावधानों का। दावेदारी की यह रेखा ब्रूनेई के विशेष निर्यात क्षेत्र, इंडोनेशिया, फिलीपींस, ताईवान और वियतनाम के इलाकों का अतिक्रमण करती है। चीन समुद्र में कंक्रीट डालकर छोटे द्वीपों और उभरी चट्टानों को बड़े टापुओं में तब्दील कर रहा है। इन मानव–निर्मित भौगोलिक द्वीपों का निर्माण करने के पीछे उद्देश्य है सैन्य लाभ सुदृढ़ करना और अपने पड़ोसियों को जताना कि भिड़ने पर भविष्य में क्या हो सकता है।

भौगोलिक और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ने–मरोड़ने की छूट लेने की उसकी यह प्रवृत्ति भूटान में 2017 में स्पष्ट जाहिर हुई, जब चीन की पीएलए ने डोकलाम पठार को झम्पेरी रिज तक कब्जाने का यत्न किया। इसने भारत को क्रोधित किया क्योंकि यह अतिक्रमण हमारी रक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है। तभी भारतीय सेना को यह कब्जा आमने–सामने के टकराव सेफिल करना पड़ा। किसी इलाके का अतिक्रमण कर उसका 'बधियाकरण' करने का एक उदाहरण तिब्बत है, जिसे चीन ने 1951 ने कब्जाया था और 1959 में पूर्ण नियंत्रण बना लिया। चीनी शासकों ने दिखावे को 'तिब्बत सार्वभौमिक क्षेत्र' की स्थापना की है, जिसे आमतौर पर 'राजनीतिक तिब्बत' कहा जाता है और इसका क्षेत्रफल शेष तिब्बत से कहीं छोटा है। ऐतिहासिक रूप से, जनजातीय तिब्बत में तीन मुख्य इलाके हैं– यूत्सांग, खाम और अम्दो। वर्ष 1955 में अम्दो का विलय किंगहाई प्रांत में कर दिया और 1957 में खाम कोगांजे सार्वभौमिक प्रदेश के साथ मिला दिया गया। इसी प्रकार तिब्बत के बाकी जनजातीय इलाकों का विलय गनसू और युनान प्रांतों में कर डाला। वास्तव में, मूल तिब्बत राज्य में अब सिर्फ यू–त्सांग क्षेत्र ही 'राजनीतिक तिब्बत' है। वर्ष 1911 और 1951 के बीच, तिब्बत चीनी गणतंत्र के मंसूबों से कमोबेश मुक्त रहा। अम्दो में 14वें दलाईलामा का जन्म हुआ और उनके अंगरक्षक खाम इलाके से हैं, जिन्हें तिब्बतियों की लड़ाकू जाति के तौर पर जाना जाता है।

चीन ने साथ लगते और बहुत ज्यादा जनसंख्या के बोझ तले दबे हान प्रांत से चीनी मूल के लोगों को तिब्बत के विभिन्न हिस्सों में बसाकर अंदरूनी जनसंख्या स्थानांतरण करवाया है। अधिकांश सीमांत गांव समूची वास्तविक सीमा नियंत्रण रेखा के ठीक साथ सटाकर बनाए गए हैं, जिनमें लगभग सभी 'हान' हैं। इन चीनी प्रवासियों को वहां बसने–रहने की एवज में काफी आर्थिक लाभ दिए जाते हैंदूऔर तिब्बत का जातीय स्वरूप बदलने में यह मुख्य अवयव है।

चीन की धूर्त रणनीति के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया बेपरवाही से लेकर बड़ी–बड़ी बातें करने तक ही रही है। नाम बदलने के नवीनतम खेल पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रतिक्रिया बेहद सधी रही। 9 अप्रैल को पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में एक जनसभा में उन्होंने कहा रू 'मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। कल को यदि हम चीन के राज्यों का नाम बदल दें तो क्या वह उन्हें हमें सौंप देगा?' चीन से हमारे सीमा संबंधी मुद्दे द्विपक्षीय चिंताओं वाले रहे हैं। तथापि, पिछले कुछ समय से, अमेरिका भारत की पीठ पर हाथ रख रहा है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने हाल ही में बयान दिया रू 'भारत के इलाकों का नाम बदलना चीन का काम नहीं है और वे भारतीय भूभाग का हिस्सा हैं', यह स्वागतयोग्य कदम है। पूरब में देखें तो शंघाई सहयोग संगठन में चीन के विकृत दावों ने तीखी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया पैदा की है। चाहे यह क्वाड संघ हो (जिसमें भारत सहित अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं) या ऑस्ट्रेलिया, यूके एवं अमेरिका से बना ऑकस संघ या फिर अमेरिका, जापान, फिलीपींस का त्रिकोणीय गुट, इन सबका ध्यान शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों में चीनी मंसूबों का विरोध कर वैधानिक विश्व–व्यवस्था बनाने पर केंद्रित है।

भारत को चीन द्वारा ऐतिहासिक–भौगोलिक तथ्यों से छेड़छाड़ के प्रयासों का प्रत्युत्तर शिद्दत और निरंतरता से देने की जरूरत है। हमें इन मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा और चीनी दावों के विरोध में लिखित प्रतिरोध करना होगा। वर्ना उन्हें तथ्य के तौर पर स्वीकार कर लिया जाएगा। सीमावर्ती इलाके में हमारी तरफ की भौगोलिकता अत्यधिक दुरूह है और भूभाग अधिकांशतः तीखा पर्वतीय या घना जंगल है। यह हाल ठीक वास्तविक नियंत्रण रेखा तक है। अपने इलाके में हमें बुनियादी ढांचा विकसित करने का काम निरंतर जारी रखना होगा। सीमा सड़क संगठन इस चुनौती से पार पाने में प्रयासरत है। हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग का उद्घाटन भारत की वास्तविक नियंत्रण सीमा रेखा को लेकर तैयारियों को बल देगा। हालांकि यह काम बहुत विशाल स्तर का है और हमें तीखी ऊंचाइयों पर काम करने की सामर्थ्य बढ़ानी होगी।

लोगों का सीमांत इलाके से पलायन रोकने को हमें सीमा पर गांव बसाने को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसके लिए आर्थिक लाभ की पेशकश और तेज गति की संचार व्यवस्था बनाना पहला कदम है। जहां सेना इन कामों में मददगार हो सकती है, वहीं इस सबके लिए नीतियां बनाना राजनीतिक नेतृत्व का कार्यक्षेत्र है। सबसे ऊपर, जो भारतीय नागरिक सीमावर्ती इलाके में बसे हैं उनकी संवेदनशीलता को सदा जहन में रखना आवश्यक है।–लेखक सैन्य मामलों के स्तंभकार हैं।

# चुनावःबड़े परिवारों वाले 'घुसपैठिए' कौन ?

—जूलियो रिबैरो—

राजस्थान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूल गए कि वह प्रधानमंत्री हैं और यह भी भूल गए कि उन्हें चुनाव आयोग द्वारा बनाई गई आदर्श आचार संहिता (एम.सी.सी.) का पालन करना है। उनके अंतरतम विचारों ने उनकी जीभ पर कब्जा कर लिया। उन्होंने मुसलमानों पर (बिना नाम लिए) घुसपैठिया होने का आरोप लगाया, जो कभी न कभी भारत में चोरी–छिपे घुस आए थे। उन्होंने उन पर कई बच्चे पैदा करने का भी आरोप लगाया। किस बात ने उन्हें विचलित कर दिया? मेरा अनुमान है कि उन्हें यह अहसास हो गया है कि उनकी अपनी लोकप्रियता, जो प्रतिशत के हिसाब से राहुल गांधी की तुलना में दोगुनी से भी अधिक थी, कम हो गई है और राहुल की लोकप्रियता बढ़ी है। यह ज्ञान उन्हें चिड़चिड़ा और परेशान बना रहा है।

अपने अंतर्निहित पूर्वाग्रहों पर सम्मानजनक नियंत्रण बनाए रखने की बजाय उन्होंने गहरे संकट और क्रोध के क्षण में कहा कि गांधी परिवार की कांग्रेस पार्टी अमीरों की पत्नियों के सोने के आभूषणों को छीनने और उन्हें उन लोगों को 'बांटने' की योजना बना रही है, जो घुसपैठिए हैं और कई बच्चे पैदा करते हैं! इस गलती को महसूस करते हुए अगले दिन उनकी प्रचार मशीन द्वारा उनके भाषण के आधिकारिक संस्करण में घुसपैठियों और बड़े परिवारों का संदर्भ छोड़ दिया गया।

अतीत का चुनाव आयोग, जिसने न्याय और निष्पक्षता के साथ भारतीय चुनाव कराने के लिए इतनी मजबूत प्रतिष्ठा बनाई थी, अगर एम.सी.सी. के ऐसे चरम उल्लंघन होते तो तुरंत हस्तक्षेप करता, यदि उनके संज्ञान में लाया जाता। यह शर्म की बात है कि आज के ई.सी.आई. ने नरेंद्र मोदी के मामले में अधिक तेजी और निर्णायक कार्रवाई करना उचित नहीं समझा। कमजोरी के इस संकेत का फायदा उन लोगों द्वारा उठाया जाएगा, जो यह मानते हैं कि शासन की सभी संस्थाएं उस संविधान को दरकिनार करके सत्तारूढ़ व्यवस्था के प्रमुख के एकमात्र अधिकार को बनाए रखने के लिए एक अलिखित दायित्व के तहत हैं, जिसने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता की गारंटी दी और भय या पक्षपात के बिना कार्य करना अपेक्षा की है।



हम मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ मोदी द्वारा लगाए गए घुसपैठिए होने के पहले आरोप का यथासंभव विश्लेषण करें। हमारे जैसे विशाल देश में ऐसे लोग बहुत कम, नगण्य संख्या में होंगे, जो सीमा पार कर आए हैं। सैन्यीकृत पश्चिमी सीमा पर संख्या कम है। वे मुस्लिम बहुल जम्मू–कश्मीर में उत्पात मचाने के लिए घुस आते हैं। भारत इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। इन विशेष रूप से 'अवांछित मेहमानों' को सोने के आभूषणों में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे हमारे सुरक्षा बलों को चौबीसों घंटे सतर्क रखने के लिए आए हैं। हमारी पूर्वी सीमाओं पर घुसपैठिए एक जीवंत समस्या है। यह उस प्रकार की आर्थिक समस्या है, जिसका सामना यू.एस., कनाडा और यू.के. को करना पड़ता था जब पंजाब या यहां तक कि गुजरात से हमारे लड़के हरे–भरे चरागाहों की तलाश में अधिक समृद्ध पश्चिमी देशों में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करते थे।

बंगलादेशीयों का पश्चिम बंगाल या असम में घुसना एक बड़ी समस्या थी, जो पिछले एक या दो दशकों में कम हो गई है क्योंकि कपड़ा निर्माण और निर्यात के कारण बंगलादेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है। पाकिस्तानी प्रभुत्व से बंगलादेश की मुक्ति से पहले ही बंगलादेशी, ङ्क्षहदू और मुस्लिम दोनों, असम में आ गए थे। उस आमद ने असम में एक बड़ी आर्थिक और सामाजिक समस्या पैदा कर दी, जिसके कारण उस राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर का निर्माण हुआ। वह मामला अभी तक सुलझ नहीं सका है क्योंकि उसके बाद हुई गिनती में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू घुसपैठिए घोषित किए गए थे। हिंदू घुसपैठियों का निष्कासन हिंदुत्व विचारधारा के खिलाफ गया और सी.ए.ए. के निर्माण का कारण बना।

यदि मोदी सभी मुसलमानों का जिक्र कर रहे हैं, जैसा कि वे सुझाव दे रहे हैं, तो उनकी हताशा का कोई कानूनी या नैतिक आधार नहीं है। भारत पर आक्रमण करने वाले मुगलों और अफगानों ने मिश्रित वंशज पीछे छोड़ दिए लेकिन अलैग्जेंडर भी ऐसा ही था, जिसकी मैसेडोनियन सेना फारसियों पर विजय प्राप्त करने के बाद सिंधु के तट तक पहुंची। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो, जो कह सके कि वह 'घुसपैठियों' से मुक्त है। इतिहास दर्ज होने के समय से ही सभी सभ्यताओं ने एलियंस की गतिविधियों का अनुभव किया है। भारत में आर्यों ने द्रविड़ों और मूल जनजातियों का अनुसरण किया, जिन्हें हम आदिवासी कहते हैं।

हमारे देश के उत्तर–पूर्व में रहने वाली मंगोलॉयड जातियां इस परिदृश्य में एक और आयाम जोड़ती हैं। आर्यों की बात करें तो एडोल्फ हिटलर ने यहूदियों और जिप्सियों से छुटकारा पा लिया क्योंकि वह आर्य जाति की शुद्धता सुनिश्चित करना चाहता था! अयातुल्ला के देश का कार्यभार संभालने से पहले ईरान के शाह द्वारा ग्रहण की गई उपाधियों में से एक 'आर्यमेहर' थी। (कृपया ध्यान दें कि आर्यों को अपमानित करने का मेरा कोई इरादा नहीं है क्योंकि मेरे अपने पूर्वज उसी वंश के थे, जो हजारों साल पहले ऋषि परशुराम के साथ गोवा आए थे)।

मोदी के अपने राज्य गुजरात में राजपूत वंश के मुसलमानों का एक समुदाय है, जिसे 'मुस्लिमीन घेरासिया' कहा जाता है, जो मुगल शासनकाल के दौरान इस्लाम में परिवर्तित हो गया था। परिवार का सबसे बड़ा बेटा मुस्लिम नाम रखता है लेकिन अन्य बेटे और बेटियां हिंदू नाम रखना जारी रखते हैं। पुराने बम्बई प्रांत में एक आई.ए.एस. अधिकारी फतेह सिंह राणा थे, जो एक समय राज्य के गृह सचिव थे, जो एक मुस्लिम घरेसिया थे। मैं मोदी जी पर यह प्रभाव डालने की कोशिश कर रहा हूं कि सभी मुसलमान उस अर्थ में घुसपैठिए नहीं हैं, जैसा वह उनका वर्णन कर रहे हैं। जिनके पास मुगल, अफगान या फारसी रक्त है, वे आर्यों की तरह भारत का अभिन्न अंग बन गए हैं, जो हजारों साल पहले यहां बस गए थे।

मुसलमानों पर दूसरा आरोप यह है कि उनके असंख्य बच्चे हैं। मुस्लिम और हिंदू दोनों, गरीबी में डूबे, कम पढ़े–लिखे परिवारों में यह एक आम लक्षण है। जहां महिलाएं शिक्षित हैं, या केवल साक्षर हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति आरामदायक है, वहां पुनरुत्पादन गतिविधियों को नियंत्रण में रखा जाता है क्योंकि ऐसे परिवारों को जल्द ही अहसास हो जाता है कि बड़े परिवार आर्थिक प्रगति में बाधा हैं। केरल में, जहां मुस्लिम और पिछड़े वर्ग की सभी महिलाएं शिक्षित हैं और उनके पुरुष खाड़ी देशों में कार्यरत हैं, उनके परिवारों का आकार उनके हिंदू या ईसाई भाइयों से अलग नहीं है। धर्म का परिवार के आकार से कोई लेना–देना नहीं है। मुझे यकीन है कि हमारे प्रधानमंत्री इस तथ्य को जानते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से चुनावी विचारों या सीधे तौर पर पूर्वाग्रह के कारण यह आरोप लगाया है।

यहूदी और ईसाई धर्म की तरह, इस्लाम एक इब्राहीम धर्म है। बाइबल में भी कहा गया है, 'बाहर जाओ और गुणा करो'। तब यही आवश्यकता थी। उपदेश अब प्रासंगिक नहीं है। यहां तक कि पोप ने भी हाल ही में टिप्पणी की थी कि किसी से भी 'खरगोशों की तरह' प्रजनन की उम्मीद नहीं की जाती। चूंकि अधिकांश ईसाई महिलाएं साक्षर हैं और चूंकि अधिकांश ईसाई पुरुष लाभकारी रूप से कार्यरत हैं, इसलिए बहुत अधिक बच्चे पैदा करने का प्रश्न लंबे समय से त्याग दिया गया है। जैसे ही शिक्षा का प्रसार होगा, विशेषकर महिलाओं में और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, इस्लाम अपनी पकड़ बना लेगा। यदि ई.सी.आई. मोदी जैसे एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से डरता है तो उसे कम से कम उनकी असंयमित टिप्पणियों के लिए उन्हें भी फटकार लगानी चाहिए। वह कम से कम इतना तो कर ही सकता है। लेखक (पूर्व डी.जी.पी. पंजाब व पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी हैं)

# शिक्षक के हाथों में ही विद्यार्थी का भविष्य



-प्रि. डा. मोहन लाल शर्मा-

छात्रों के जीवन को बेहतरीन बनाने का कार्य शिक्षक के सिवाय कोई और नहीं कर सकता, परन्तु आज शिक्षक खुद परेशान है। जब शिक्षक को ऐसा लगता है कि समाज में या शिक्षण संस्थानों में उनके काम को महत्व नहीं दिया जा रहा या उसकी सराहना नहीं की जा रही, तो वह हतोत्साहित और तनाव से घिर जाता है। शिक्षक सुखी हो, तो पढ़ाई का स्तर बहुत अधिक सुधर सकता है। अगर शिक्षक का अधिक समय तनाव, आपसी मतभेदों और इधर–उधर की बातों में व्यर्थ होता है, तो इसका सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा।

अंग्रेजी का एक शब्द है 'बर्नआउट'। इसका अर्थ है बहुत अधिक काम के कारण अवसाद, चिड़चिड़ापन और हमेशा थकान का अनुभव होना। जैसे किसी वाहन में ईंधन खत्म हो जाए, और वह रुक जाए, ऐसी ही हालत बहुत अधिक काम की वजह से किसी इंसान की हो जाए, तो उसे 'बर्नआउट' का शिकार कहा जा सकता है। गौरतलब है कि देश में शिक्षण के पेशे में भी 'बर्नआऊट' की गंभीर समस्या होने लग गई है, पर इस पर शायद ही कोई गंभीरता से ध्यान दे रहा हो। शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है, तो वे अक्सर अपने कामकाज को लेकर उदासीन हो जाते हैं। नौकरी में आनंद नहीं बचता, मगर नौकरी करना मजबूरी भी है। इसका सबसे बुरा असर पड़ता है बच्चों पर, जो स्कूल या कालेज में पढ़ रहे होते हैं।

स्कूलों में शिक्षकों की संख्या अक्सर आवश्यकता से कम होती है। जब कुछ शिक्षक गैरहाजिर हों, तो समस्या और बढ़ जाती है। बाकी शिक्षकों को अनुपस्थित शिक्षकों की कक्षाएं लेनी पड़ती हैं, जिसका अर्थ है अतिरिक्त जिम्मेदारी और दोहरा तनाव। अक्सर स्कूलों में शिक्षकों को प्रशासनिक काम भी सौंप दिए जाते हैं। जब शिक्षकों को पर्याप्त वेतन नहीं मिलता है या पर्याप्त लाभ नहीं मिलता, तो यह उन्हें बहुत थका हुआ और निराश कर सकता है। यह शिक्षण के लिए उनकी ऊर्जा और प्रेरणा को छीन लेता है। ऐसी भी व्यवस्था हो कि काम के बाद शिक्षक पूरी तरह से अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन पर ध्यान दे सकें।

अगर शिक्षकों पर प्रशासनिक काम का बोझ लाद दिया जाता है, तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या वे इस काम के लिए इच्छुक हैं? ऐसी हालत में उन्हें इसके आर्थिक फायदे मिलने चाहिएं या फिर अतिरिक्त काम के बदले में अवकाश दिया जाए। पेशेवर विकास के लिए शिक्षकों के पास पर्याप्त अवसर होने चाहिएं। इससे उनका हुनर बढ़ेगा और वे शिक्षण के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों से परिचित होंगे। शिक्षकों के ऐसे समूह होने चाहिएं, जिनमें वे एक–दूसरे की सहायता कर सकें। इससे उनका दबाव काफी हद तक घटेगा। आपसी सहयोग की संस्कृति स्कूल को हर क्षेत्र में मदद करेगी।

स्कूल की बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी है। शहरों में कई स्कूल बहुमंजिला होते हैं। ऐसे में शिक्षक को बार–बार ऊपर–नीचे जाना पड़ सकता है। अधिक उम्र के शिक्षकों को ज्यादा कक्षाएं निचली मंजिल पर ही मिलें, समय सारिणी बनाने वाले को इसका ख्याल रखना चाहिए। शिक्षक सुखी हो, तो पढ़ाई का स्तर बहुत अधिक सुधर सकता है। एक सुखी, हंसमुख शिक्षक अपने विषय में भी पारंगत होता है और बच्चे उसके विषय को पसंद भी करते हैं क्योंकि बच्चे विषय को शिक्षक के व्यक्तित्व के साथ जोड़ कर देखते हैं।

सकारात्मक स्कूली संस्कृति छात्र और शिक्षक दोनों के लिए कितनी लाभकारी होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। शिक्षकों के लिए जरूरी है कि उनके रोजमर्रा के जीवन में ऐसा समय भी हो जब उन्हें स्कूल, छात्रों और काम के बारे में बिल्कुल सोचना न पड़े। यह जिम्मेदारी खुद उनकी है कि ऐसा समय वे खुद की और परिवार की देखभाल में बिताएं क्योंकि परिवार के सदस्यों के बीच समय बिताने से काम के तनाव को कम किया जा सकता है। सही संगी–साथियों और बेहतर माहौल तैयार करके भी इससे बचा जा सकता है।

